## एक नजर में

### अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन ने गौ माता के लिए रखवाई 11 पानी की कुंडियां




**मंदसौर।** भीषण गर्मी को देखते हुए अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन द्वारा गौ सेवा एवं जनहित के उद्देश्य से नगर एवं विभिन्न स्थानों पर गौ माता के लिए 11 पानी की कुंडियां रखवाई गईं, ताकि गर्मी के मौसम में गौवंश को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन हमेशा सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। संगठन हर सुख-दु:ख, समाजहित एवं सेवा कार्यों में सदैव सक्रिय रहकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराता है। युवाओं की ऊर्जा और समाज सेवा की भावना के साथ संगठन लगातार जनकल्याण के कार्य कर रहा है। इस पुण्य कार्य में विशेष सहयोग एवं दानदाता के रूप में ओम चौधरी होंडा शोरूम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संगठन द्वारा यह सेवा कार्य गौ संरक्षण एवं मानव सेवा की भावना को लेकर किया गया। जिस समाज में गौ माता का सम्मान होता है, वहां सुख-समृद्धि और संस्कार स्वयं निवास करते हैं। आइए युवा शक्ति मिलकर गौ सेवा का संकल्प लें और मानवता का धर्म निभाएं। इस कार्य को सफल बनाने में संगठन के साथियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई, जिनमें प्रमुख रूप से राजेंद्र गुप्ता (मोया वाला), जगदीश घाटिया, संजय धनोतिया, राहुल वैद सुनील चौधरी होंडा, लोकेश मुजावदिया, अजय धनोतिया, कृष्णकांत मोदी एवं अन्य संगठन साथियों का विशेष सहयोग रहा। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी समय में भी अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन द्वारा समाजहित, गौ सेवा एवं जनकल्याण के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। गौ सेवा ही परम धर्म है, के संकल्प के साथ संगठन समाज सेवा के कार्यों में निरंतर अग्रसर है। यह जानकारी अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल वेद ने दी।

### सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ ने वात्सल्य धाम में वृद्धजनों की सेवा की

**मंदसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ, मंदसौर के तत्वाधान में रेवास देव?ा रोड स्थित वात्सल्य धाम में संस्था की पूर्व महामंत्री हेमा हेमंत हिंग? की पुत्रवधू श्रीमती पूजा जयेश हिंग? का जन्म दिवस वृद्धजनों के साथ मनाया। साथ ही इस दौरान वृद्धजनों के समय व्यतीत करते हुए उनकी कुशलक्षेम जानी व उन्हें भावपूर्ण भोजन कराया गया। मिश्रीलाल हिंग? परिवार द्वारा आयोजित इस वात्सल्य भोज में समाज की महिलाओं ने ब?-च?कर हिस्सा लिया और बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि मानव सेवा ही सबसे ब?ा धर्म है और अपने जीवन के विशेष दिनों को इस तरह के सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना अत्यंत वंदनीय है। उन्होंने हिंग? परिवार को बधाई देते हुए कहा कि बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनका आशीर्वाद लेना ही हमारे संस्कारों की असली पहचान है, और महिला प्रकोष्ठ हमेशा ऐसे सेवा कार्यों के लिए तत्पर रहेगा। इस सेवा कार्य में महिला प्रकोष्ठ की मंत्री पूर्णिमा चोर?िया, सहमंत्री किरण जैन, आशा जेतावत, सुनीता पामेचा और श्वेता भाटिया, पूर्व महामंत्री शशि मारु, जमना बाफना और अंगूबाला पितलिया सहित अनेक सदस्याये उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजित हुए लकी ड्रा की विजेता बनने का गौरव आशा जेतावत और किरण जैन को प्राप्त हुआ। वात्सल्य धाम के बुजुर्गों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराने के बाद सभी ने पूजा हिंगड़ के सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की।

# 30 वर्ष बाद पिपलियामंडी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

- दूसरे दिन भी जारी रही कार्रवाई, व्यापारियों ने लगाया पक्षपात का आरोप




**पिपलियामण्डी।** नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से नगर परिषद एवं प्रशासन द्वारा शुरू किया गया विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। पहले दिन की सख्त कार्रवाई के बाद दूसरे दिन नगर में सुबह से ही अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।

कई व्यापारियों ने रातभर जागकर स्वयं ही अपने शेड, टीनशेड, चबूतरे और नाले पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाए, ताकि प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके। मंगलवार को प्रशासनिक टीम ने मनासा रोड, टोडरमल चौराहे से चौपाटी, खोखरा रोड सहित कई मुख्य मार्गों पर कार्रवाई करते हुए सड़क और नाले पर किए गए अतिक्रमण हटाए। कई स्थानों पर बुलडोजर चलाकर स्थायी और अस्थायी निर्माण हटाए गए। खोखरा रोड चौपाटी क्षेत्र में बुलडोजर की कार्रवाई पूरे दिन चर्चा का विषय बनी रही। प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त घोषित किया। अभियान के दौरान नगरवासियों के बीच एक अलग ही चर्चा देखने को मिली। लोगों का कहना था कि वर्षों बाद पहली बार मुख्य मार्गों की असली चौड़ाई दिखाई दे रही है। पहले दुकानदारों द्वारा एक-दूसरे की आड़ में बड़े-बड़े शेड और निर्माण कर लिए गए थे, जिससे दुकानें तक दिखाई नहीं देती थीं। अब सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों और आम लोगों को सभी दुकानें स्पष्ट दिखाई देने लगी हैं। कई नागरिकों ने इसे नगर के सौंदर्यीकरण और यातायात सुधार की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। हालांकि कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में नाराजगी भी देखने को मिली। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्रित होकर नायब तहसीलदार पंकज जाट से मिले और कार्रवाई में पक्षपात का आरोप लगाया। व्यापारियों का कहना था कि बिना किसी पूर्व सूचना और नोटिस के पहले दिन अचानक कार्रवाई कर दी गई, जिससे कई लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

व्यापारियों ने मांग की कि नियमानुसार पहले सीमांकन और लाइनिंग कर दुकानदारों को समय दिया जाना चाहिए था। व्यापारियों ने यह भी कहा कि नगर में नालों की चौड़ाई और सड़क से दुकानों की दूरी हर स्थान पर अलग-अलग है, ऐसे में एक समान मापदंड लागू कर कार्रवाई करना उचित नहीं है। व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम और कलेक्टर को मौके पर बुलाने तथा नुकसान झेलने वाले व्यापारियों को मुआवजा दिलाने की मांग भी की। इस दौरान नायब तहसीलदार पंकज जाट ने व्यापारियों को समझाइश देते हुए कहा कि उनकी मांग और ज्ञापन वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिए जाएंगे। प्रशासन का उद्देश्य केवल सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करना है।

नगर परिषद सीएमओ प्रवीण सेन ने बताया कि नगर में लगातार आम जनता से शिकायतें मिल रही थीं कि मुख्य मार्गों और नालों पर किए गए अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है और आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इसी को देखते हुए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन नगर परिषद द्वारा रात में ही दुकानों के सामने लाइनिंग कर दी गई थी, जिससे व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने और शेड व्यवस्थित करने का समय मिल गया। इसका परिणाम यह रहा कि दूसरे दिन व्यापारियों का अपेक्षाकृत कम नुकसान हुआ और प्रशासन को भी अधिक सख्ती नहीं करनी पड़ी। सीएमओ प्रवीण सेन ने कहा कि जिन व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लिया, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई, जबकि जिन लोगों ने प्रशासन की चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया, वहां बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने साफ कहा कि नाले पर किया गया कोई भी कच्चा या पक्का निर्माण स्वयं हटा लिया जाए, अन्यथा प्रशासन द्वारा हटाने पर उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमणकर्ता की होगी।

कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार पंकज जाट, नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन, चौकी प्रभारी भीम सिंह राठौर, उपयंत्री राजेश उपाध्याय, पटवारी विकेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस अमला मौजूद रहा। कड़ी धूप के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे रहे।



## नपाध्यक्ष गुर्जर ने हितग्राहियों को सौंपे भू अधिकार पत्र

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भू-अधिकार योजना 2026 अंतर्गत मंदसौर नगर में पात्र हितग्राहियों के भू-अधिकार पत्र (पट्टे) तैयार हो गये है।

कल इसी योजना के तहत नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने वार्ड क्रमांक 12, 31, 32, एवं 33 के 18 हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्र (पट्टे) वितरित किये। नपाध्यक्ष कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद माया भावसार, कमलेश सिसोदिया, भावना जयप्रकाश पमनानी सहित हितग्राही परिवारों के सदस्यगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना 2026 के अंतर्गत नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के कारण इन 4 वार्डो के 18 हितग्राहियों को जिनके पास जमीन का मालिकाना हक नही था उन्हें जमीन का मालिकाना हक मिल गया है। अब ये हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का आसानी से लाभ ले सकेंगें। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार नरेन्द्र मोदीजी व मोहनजी यादव के नेतृत्व में गरीबों को उनका हक अधिकार देने के लिये पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है।

**एक नजर** — गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का जनसंदेश

## बोतलगंज में निकली भव्य कलश यात्रा

**मंदसौर।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मल्हारग? ब्लॉक के ग्राम बोतलगंज में जल संरक्षण एवं जनजागरण का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। विकासखंड मल्हारग? के सेक्टर-4 में नवांकुर संस्था श्री श्री महाशक्ति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत गांव के पारंपरिक जल स्रोतों के पूजन-अर्चन से हुई। इसके बाद जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोषों के साथ शामिल हुईं। पूरे गांव में निकली यह यात्रा सामाजिक समरसता और जल संरक्षण के संदेश के साथ रामजानकी मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

समापन अवसर पर जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी ने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। उन्होंने ग्रामीणों से पुराने जल स्रोतों, कुओं, बाव?ियों और तालाबों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल बचाने की छोटी-छोटी पहलें भविष्य में ब? परिणाम दे सकती हैं।

कार्यक्रम में गांव के युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा मातृशक्ति की उल्लेखनीय सहभागिता रही। आयोजन को सफल बनाने में संस्था अध्यक्ष गोपाल तिवारी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सतनारायण सेन, राधिका तिवारी सहित ग्रामीणजनों का विशेष योगदान रहा।

# नीमच

## एक नजर में

### एसपी जनसुनवाई में 13 सीएम हेल्पलाइन शिकायतें बंद, 57 फरियादियों की समस्याएं सुनीं, त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**नीमच।** पुलिस कंट्रोल रूम में जिला स्तरीय जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने स्वयं उपस्थित रहकर 57 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की 13 शिकायतों का मौके पर ही संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर पोर्टल पर बंद करवाया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन के निर्देशों के तहत आयोजित इस शिविर में जिलेभर से आए लोगों ने अपनी शिकायतें एसपी के समक्ष प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक व्यास ने सभी संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शीघ्र और निष्पक्ष निराकरण के कड़े निर्देश दिए। शिविर में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निपटारे में विशेष सफलता मिली। लेवल-1, लेवल-2 और लेवल-3 की कुल 13 शिकायतें आवेदकों की संतुष्टि के साथ मौके पर ही निपटाकर पोर्टल पर बंद कर दी गईं। एसपी राजेश व्यास ने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर आवेदन का समय सीमा के भीतर निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करना होगा। इस महत्वपूर्ण शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, एसडीओपी जावद रोहित राठौर और एसडीओपी मनासा निकीता सिंह सहित जिले के समस्त थाना, चौकी और संबंधित शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।

### रेड स्पॉट्स पर मौत की हकीकत बयां करते बोर्ड लगाये




**नीमच।** यातायात पुलिस ने जिले के रेड स्पॉट्स पर खुनी हकिकत बयाँ करने वाले बोर्ड लगाये - सावधानी हटी, दुर्घटना घटी जैसे स्लोगन अब पुराने हो गए हैं। इन बोड्स पर स्पष्ट रूप से हादसे की तारीख और मृतक की संख्या का विवरण दर्ज किया गया है, ताकि वाहन चालक उस स्थान की संवेदनशीलता को गंभीरता से समझें। बोर्ड पर स्पष्ट लिखा है- दिनांक 15 अप्रैल से 6 मई के बीच हादसे में 05 लोगो की मृत्यु हुई है। सड़क हादसों मे पुलिस का तर्क है कि जब वाहन चालक उस तारीख और मौत का जिक्र देखता है, तो उसे अहसास होता है कि यह सड़क कितनी जानलेवा हो सकती है। नीमच में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास की अध्याक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति में रेड स्थान पर संकेतक बोर्ड लगाने का अभियान चलाया गया जिसमें थाना यातायात के साथ साथ एनएचआई, एमपीआरडीसी एवं पीएमएसव्हा्य के अधिकारियों को रेड स्पोर्ट्स पर बोर्ड लगाने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम मे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व आमजन की सुरक्षा हेतु यातायात पुलिस नीमच का सराहनीय कदम उठाया है। दिनांक26 .5 .2026 को यातायात थाना प्रभारी सोनू बड़गुजर एवं उनकी टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की जान-माल की सुरक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। यातायात पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के चिन्हित स्पॉट और दुर्घटना संभावित मार्ग ग्राम चल्दू से लेकर सगरग्राम के बीच विशेष रेडियम चेतावनी बोर्ड मौत के आंकड़ों वाले लगाए गए हैं। इस मार्ग पर हाल ही में (15 अप्रैल 2026 से 06 मई 2026 के मध्य) हुई सड़क दुर्घटनाओं में 05 व्यक्तियों की असामयिक मृत्यु हो चुकी है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर चंद्रा ने सुनीं 113 समस्याएं

- सुम्मीबाई को 15 हजार की मदद, ट्रांसफार्मरों से हटेगा अतिक्रमण, मृत्यु प्रमाण पत्र अविलंब जारी करें
- कलेक्टर चंद्रा बोले- 'जन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, सभी ट्रांसफार्मरों का हो निरीक्षण'




**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले भर से आए 113 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

जानकारी अनुसार बालागंज निवासी जरूरतमंद महिला सुम्मीबाई को परिवार के भरण-पोषण हेतु कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी, नीमच से 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश रेडक्रॉस प्रभारी को दिए।

ग्वालटोली निवासी हेमलता प्रजापति के पति की मृत्यु जिला अस्पताल में होने के बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने की शिकायत पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे सिविल सर्जन से समन्वय कर अस्पताल के रिकॉर्ड के आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा उसकी प्रतिलिपि अविलंब उपलब्ध करवाएं।

**विद्युत ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा सर्वोपरि:-** पिपलिया व्यास के नीलेश के आवेदन पर कलेक्टर ने म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्युत ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण करवाकर यह सुनिश्चित करें कि उनके पास अवैध अतिक्रमण, कबाड़ या ज्वलनशील सामग्री न हो। यदि कहीं ऐसा पाया जाए तो तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाए, ताकि किसी भी दुर्घटना की संभावना न रहे।

जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर बी.एस. कलेश सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में नीमच सिटी की नीता जैन, लीलाबाई, विद्यादेवी, सलमा हारून, बघथून के लक्ष्मणसिंह, अठाना की लीलाकृष्णा, भंवरलाल, मनासा के नानालाल, हनुमंतिया के जयपाल, बधाना की आशा, इन्द्रानगर के आरिफ हुसैन, अडमालिया के बालकिशन, हुलाशी बाई, महुपुरा के अनिल, चडोली की घीसीबाई, पिपलिया नाथावत के चमनसिंह, चम्पी के भागीरथ, देवपुरा की ललिता, सिंगोली की मांगीपूरी, उम्मेदपुरा के किशनलाल, ग्वालटोली के लक्ष्मण, मोहनलाल, टीचर कॉलोनी के देवेन्द्रसिंह, भाटखेड़ी के सुरेश रेगर, रतनपुरा भदवास के रामेश्वर नागदा, मोरवन के राधेश्याम, वरुखेड़ा की मंगलाबाई, देवरी-खवासा के मूलचंद, टाटियाखेड़ी के जवानसिंह, उग्रान के शंकरलाल कीर, चचोर के विष्णु कुमार, कराडिया महाराज के तरुण शर्मा, मालाहेड़ा की संतोषबाई, चल्दू के ऊकारलाल, सरवानिया महाराज के ताराचंद्र, आमलीखेड़ा के जितेन्द्रसिंह, काली कोठड़ी की संगीताबाई, पिपल्याहाड़ी के लालसिंह, पिपलीखेड़ा के रविन्द्र, सावन के प्रेमानाथ, महुडिया की भंवरीबाई एवं गोपाल सहित अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## पर्यावरण मित्रों ने सुभाष वाटिका में किया 3 घंटे श्रमदान

**नीमच।** शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु संकल्पित सामाजिक संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के संरक्षक इंजीनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने मंगलवार दिनांक 26 मई 2026 को प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक फुव्वारा चोक स्थित सुभाष वाटिका परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत परिसर से प्लास्टिक पोलीथिन थैलियां पन्नी कांच एवं प्लास्टिक की बोतलें फटे पुराने कपड़े गंदा कचरा आदि एकत्रित कर वाटिका परिसर के बाहर ढेर लगाया इसके पश्चात परिसर में रोपित पेड़ पौधों के आसपास से कटिंली झाड़ियों घास खरपतवार निकाली संस्था संरक्षक नवीन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी का दोर चल रहा है ऐसे में रोपित पेड़ पौधों को नपा की लापरवाही से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण पेड़ पोंधे एवं परिसर के बीच हरी-भरी घास सुख रही है।

पर्यावरण मित्रों की कड़ी मेहनत से शहर के मुख्य फुव्वारा चोक स्थित सुभाष वाटिका बनाई जो शहर की सुंदरता बढा रही है, संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि वाटिका परिसर के पास ही कुएं की मोटर 6 माह से ख़राब बंद पड़ी है कई बार नपा के जवाबदार अधिकारियों जन प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिए जाने से पेड़ पोंधे नष्ट होने की कगार पर है, एक ओर नपा स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम पायदान पर आने के लिए लाखों रुपए रंग रोगन में खर्च कर रही है लेकिन पेड़ पौधों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, संस्था द्वारा शहर के विभिन्न बाग बगीचों, ग्रीन बेल्ट परिसरों की पर्याप्त सुरक्षा, तार फेसिंग, पानी, आदि हेतु पत्र लिखें गए जिसपर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसी तरह रोडवेज बस स्टैंड मुक्ती धाम के समीप बगीचे का बारीश के पुर्व जिर्णोद्धार हेतु अनुरोध किया गया जिस पर भी कोई कार्रवाई न होना सोचनीय है, नपा सीएमओ से अनुरोध है कि शहर हित में बगीचों, ग्रीन बेल्ट परिसरो के पेड़ पोधो कि सुरक्षा हेतु उचित सहयोग करें ताकि शहरवासियों को शुद्ध वायु आक्सीजन के साथ ही स्वच्छ वातावरण प्राप्त हो।

**एक नजर** — कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जन-आंदोलन बना पोषण पखवाड़ा

## 8वें पोषण पखवाड़े में नीमच ने रचा इतिहास : प्रदेश में दूसरा, उज्जैन संभाग में प्रथम स्थान

**नीमच। भारत सरकार के निर्देशानुसार 9से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित 8वें पोषण पखवाड़े में नीमच जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान तथा उज्जैन संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य स्तर से जारी रिपोर्ट में जिले की इस उपलब्धि की पुष्टि की गई है।**

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव की सतत् निगरानी में जिले में यह पखवाड़ा आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़े की मुख्य थीम 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास' निर्धारित थी। वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार, मानव मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास जन्म से 6 वर्ष की आयु तक हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए परिवारों और समुदाय को उन व्यवहारों के प्रति जागरूक किया गया, जो बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक हों।

5 प्रमुख गतिविधियों पर रहा विशेष फोकस: पोषण पखवाड़े के दौरान पांच प्रमुख गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया-

गर्भवती महिलाओं की देखभाल: प्रसव पूर्व जांच और



संतुलित आहार सुनिश्चित करना।

0 से 3 वर्ष के बच्चों का विकास: संवाद और खेल के माध्यम से मस्तिष्क विकास को बढ़ावा देना।

3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु: खेल आधारित शिक्षा।

**स्क्रीन टाइम में कमी:** बच्चों के स्क्रीन टाइम में कमी लाने के लिए जागरूकता।

**आंगनवाड़ी सशक्तिकरण:** आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने में समुदाय की भागीदारी।

**जन-आंदोलन बना पोषण पखवाड़ा:** अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के व्यापक प्रयास किए गए, जिससे अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हुई। इसके अंतर्गत रैलियां, पोषण पर चर्चा, दादी-नानी के अनुभव साझा कार्यक्रम और खिलौना निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की गईं। पखवाड़े के दौरान आयोजित सभी गतिविधियों की जानकारी संबंधित विभागों द्वारा पोषण अभियान के जनआंदोलन डेशबोर्ड पर निर्धारित समय-सीमा में दर्ज की गई।

समन्वय रहा सराहनीय: जिले के सभी विभागों के समन्वय से अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत योजना तैयार की गई थी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी को सम्मिलित कर बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने हेतु विशेष प्रयास किए गए। संपूर्ण आयोजन में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पोषण अभियान अमले का कार्य विशेष रूप से सराहनीय रहा।